an>

Title: Need to improve BSNL mobile service in Uttarakhand particularly in Garhwal parliamentary constituency.

मेजर जनरल भुवन चन्द्र खंडूड़ी एवीएसएम (सेवानिवृत्त)(गढ़वाल) ः मेरा संसदीय क्षेतृ मुख्यतः जटिल पहाड़ी क्षेतृ होने के कारण वहां के लोगों को विषम परिस्थितियों में अपना जीवन-यापन करना पड़ता है। आज जबकि हमारे देश की संचार व्यवस्था 4जी टेक्नोलॉजी और कई अन्य विश्वस्तरीय तकनीकों का प्रयोग कर रही है, ऐसे में मेरे संसदीय क्षेतृ ही नहीं, बल्कि समस्त उत्तराखण्ड के पहाड़ी जिलों में संचार व्यवस्थाएं खस्ताहाल हैं। वहां के अधिसंख्य लोगों को मोबाइल जैसी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं है।

उत्तराखंड के गांवों में समय-समय पर किसी न किसी क्षेतृ के लोग संचार संवाओं की अव्यवस्थाओं के विरोध में आंदोलनरत रहते हैं। आज भी मेरे क्षेतृ की खंसर घाटी, जिला चमोली के लोग आंदोलनरत हैं।

मेरा एक सुझाव यह भी है कि प्राइवेट मोबाइल ऑपरेटरों के लिए भी कम जनसंख्या वाले या दूरस्थ क्षेतृों में मोबाइल टावर लगाना किसी अनुपात में अनिवार्य होना चाहिए। प्रायः यह देखा गया है कि प्राइवेट मोबाइल ऑपरेटर मुनाफे वाले क्षेतृों में ही सेवायें देते हैं और दूरस्थ क्षेतृ सिर्फ बी.एस.एन.एल. के भरोसे छोड़ दिए जाते हैं, जिससे कि आम जन को असुविधा होती है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेतृों में बी.एस.एन.एल. की सेवाओं में सुधार किया जाये एवं प्राइवेट मोबाइल ऑपरेटरों को भी अपना नेटवर्क स्थापित करने के लिए निर्देशित किया जाए।